राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने होली के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 19 मार्च 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने सभी बिहारवासियों व देशवासियों को होली के सुअवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री टंडन ने कहा है कि उल्लास और उमंग के इस त्योहार में हम आपसी रंजिशों को भूलकर प्रेम और भाईचारा के रंगों में रंग जाते हैं। भारतीय लोक संस्कृति से जुड़े इस अनूठे त्योहार से हमारी सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय एकता की भावना सुदृढ़ होती है।

राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि सभी बिहारवासी इस पावन पर्व को खुशी और उमंग के साथ मनायें, ताकि देश और समाज में सुख–शांति रहे और राज्य तेजी से विकास–पथ पर आगे बढ़ता रहे।

....